www.bhavishydarpannews.com
Email - dainikbhavishydarpan@gmail.com
दर्पण की तरह निष्पक्ष खबरें

दैनिक भविष्य दर्पण
बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रकाशित

वर्ष : 01 | अंक : 80 | उज्जैन, मंगलवार, दिनांक - 19 नवंबर 2024 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1/- रूपये

**सुविचार**

आसान नहीं है मंजिल को पाना कामयाबी अभी दूर है, पर मेहनत की डगर पर चलकर मंजिल मिलती जरूर है।

**तापमान**

उच्चतम
28 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम
13 डिग्री सेल्सियस

# बंदूक और पिस्तौल लोड करते हुए

## संतों ने दिया सांसद असदुद्दीन ओवैसी के 15 मिनट वाले बयान तीखी प्रतिक्रिया।

**भविष्य दर्पण न्यूज़ नेटवर्क**



**उज्जैन /** उज्जैन के संतों ने सांसद असदुद्दीन ओवैसी के 15 मिनट वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बंदूक और पिस्तौल लोड करते हुए वीडियो भी जारी किया। आह्वान अखाड़े के महामंडलेश्वर अतुलेशानंद महाराज ने कहा- 15 मिनट नहीं, हम आपको 15 दिन देते हैं। आप अपनी पूरी तैयारी के साथ आएं। आपकी चुनौती हमने स्वीकार कर ली है वहीं, नाथ संप्रदाय के संत रामनाथ जी महाराज बोले- आप 15 मिनट मांग रहे हैं। हमारे लिए सिर्फ 5 मिनट काफी हैं। देशभर में नागा संप्रदाय के इतने संत हैं कि 5 मिनट में आपका काम तमाम होने में समय नहीं लगेगा। संत एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र रखते हैं। दोनों संतों ने यह बात रविवार को एक वीडियो जारी करते हुए कही। वीडियो में वे बंदूक और पिस्तौल के साथ नजर आए। उन्होंने ये बात हैदराबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन चीफ ओवैसी के 15 मिनट वाले बयान पर पलटवार करते हुए कही, जो उन्होंने महाराष्ट्र में बुधवार को दिया। महाराष्ट्र के सोलापुर में चुनाव प्रचार के दौरान ओवैसी मोबाइल और घड़ी दिखाते हुए बोले, अभी कितना टाइम हुआ है... 15 मिनट। ये कहते हुए ओवैसी ने अपना मुंह पकड़ लिया और बोले, सॉरी। फिर उन्होंने कहा कि अभी 9 बजकर 45 मिनट हो रहे हैं। मीडिया वालों, घड़ी चेक कर लो तुम्हारी भी। ओवैसी ने इसे चुनाव प्रचार के टाइम खत्म होने में 15 मिनट बाकी होने से जोड़ दिया जबकि यह उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी की भड़काऊ टिप्पणी थी। छोटे भाई अकबरुद्दीन ने 2012 में दिया था विवादित बयान दरअसल, 15 मिनट वाली टिप्पणी सांसद असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई अकबरुद्दीन ओवैसी के उस भड़काऊ भाषण का हिस्सा थी, जो उन्होंने 2012 में दिया था। अकबरुद्दीन ने कहा था, 100 करोड़ हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की संख्या 25 करोड़ है। देश से 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो, पता चल जाएगा कौन ताकतवर है। इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मामला कोर्ट भी गया था। हालांकि, 2022 में अकबरुद्दीन को मामले में बरी कर दिया गया था।

> **उज्जैन के संत बोले आप 15 मिनिट की बाते करते है हमारे लिए 5 मिनिट ही बहुत है**

महामंडलेश्वर अतुलेशानंद महाराज ने वीडियो में कहा, जो भी आएगा, वह कटेगा निश्चित रूप से। वे अपनी प्रजाति के लोगों को उकसाते हैं और देश में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने का काम करते हैं। उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इनकी सभा बैन होनी चाहिए क्योंकि ये भारत की अखंडता, संप्रभुता को खत्म करने के लिए तत्पर हैं। 15 मिनट पुलिस हटाने की बात कर रहे हैं तो भई, हटी हुई है पुलिस आप तो अपना काम करने के लिए निकलें। महाराणा प्रताप और शिवाजी की संतान सारी गंदगी खत्म कर देगी महामंडलेश्वर अतुलेशानंद महाराज ने वीडियो में कहा, जो भी आएगा, वह कटेगा निश्चित रूप से। वे अपनी प्रजाति के लोगों को उकसाते हैं और देश में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने का काम करते हैं। उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इनकी सभा बैन होनी चाहिए क्योंकि ये भारत की अखंडता, संप्रभुता को खत्म करने के लिए तत्पर हैं। 15 मिनट पुलिस हटाने की बात कर रहे हैं तो भई, हटी हुई है पुलिस...आप तो अपना काम करने के लिए निकलें। महाराणा प्रताप और शिवाजी की संतान सारी गंदगी खत्म कर देगी। महामंडलेश्वर ने कहा कि अगर कोई हिंदू इस विषय पर बोलता तो शायद उसके ऊपर एफआईआर दर्ज हो जाती। इस्लाम के विरुद्ध कोई हिंदू बोलता तो उसका सर कलम कर दिया जाता लेकिन ये दो लोग बार-बार देश में साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने का काम कर रहे हैं। इन पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। वहीं, रामनाथ जी महाराज ने कहा, सुन लो ओवैसी। संत एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र रखते हैं। आप 15 मिनट मांग रहे हैं, हमारे लिए सिर्फ 5 मिनट काफी हैं। देशभर में इतने ज्यादा नागा संत संप्रदाय के संत हैं कि 5 मिनट भी आपका काम तमाम होने में नहीं लगेगा। संत समाज शास्त्र और शस्त्र लेकर मैदान में उतरने को तैयार है। संतों के बयान का समर्थन करते हुए बीजेपी सांसद उमेशनाथ जी महाराज ने कहा किसी के कहने से कुछ नहीं होता है, मैदान पर आकर देख लें। ओवैसी को संतों की ताकत का अंदाजा नही है।

## सौराष्ट्र महुआ भगत जी महाराज की स्मृति महोत्सव धाम धूम से मनाया

**भविष्य दर्पण/गुजरात**

**महुआ।** सौराष्ट्र महुआ के दर्जी कुल में प्रगट हुए महान संत ब्रह्म स्वरूप भगत जी महाराज की प्राकट्य भूमि पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगत जी महाराज की तिथि कार्तिक सुद तेरस को महुआ में परंपरानुसार 14 नवम्बर 2024 और गुरुवार भगत जी महाराज की स्मृति महोत्सव धाम धूम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः स्वामीनारायण मंदिर से पैदल यात्रा जन्मस्थली तक निकाली गई। उसके पश्चात विधिविधान से हवन यज्ञ व पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम तनसुख भाई गोहिल राजकोट, कल्पेश परमार राजुला, सुरेश भाई चौहान पालनपुर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य रूप से पद्मश्री प्राप्त कन्नु भाई दर्जी सूरत भी शामिल हुए। साथ ही प्रदेश स्तर पर शहादा महाराष्ट्र से शैली बीई भी शामिल रही व श्रीमती विनोदकुमारी, श्रीमती मायाजी सिंह, श्रीमती सुमनरानी सिंह, श्रीमती सविता वर्मा, श्रीमती सुनीता वर्मा, (उत्तराखंड), नरेन्द्र चौहाण जोधपुर, रामलाल परीहार जोधपुर (राजस्थान)।

**मध्यप्रदेश-** सुरेशभाई परमार, इंदौर, मुकेश नामदेव, इंदौर, बालमुकुंद चौहान, इंदौर, सुभाषचंद्र वर्मा (नामदेव), इंदौर, नरेन्द्र पड़िहार भेरुन्दा, शेखर भदोरीया भोपाल, अरुण नामदेव, गुना, भगवानसिंह नामदेव, गुना, मुन्नीलाल नामदेव जबलपुर, लक्ष्मण नामदेव, जबलपुर।

**हरियाणा-** खेमचंद सी. राठोड पलवल, भुपसिंह पलवल, सुरेश चौहाण पलवल, रमेश भाई चौहान



पलवल, नानकचंद रहेराना, तेजराम फौजी हसनपुर, चतरसिंह सिहोल, उत्तरप्रदेश जगदीश नामदेव पत्रकार ललीतपुर, राममिलन नामदेव ललीतपुर, लक्ष्मीचंद छाता।

**महाराष्ट्र-** खीमजीभाई पाटडीया मुंबई, नाना पाथरकर पूना, रामकृष्ण बांगडे पूना, प्रविणभाई सित्रे पूना, किशोर हेंदे पूना, विक्रांत डेंगर, पूना, किशोर चित्ते शहादा, रविन्द्र चित्ते शहादा, अरूणजी नासिक।

**उत्तराखंड -** राकेश आर्य देहरादून, राजकुमार टांक देहरादून, राकेशकुमार देहरादून, मुकेश वर्मा हरीद्वार।


**दिल्ली-** संजय रोहिल्ला दिल्ली, सुनिल कुमार रोहिल्ला- दिल्ली, विरेंद्र सिंह रोहिल्ला, योगेन्द्र रोहिल्ल, जगवीरसिंह रोहिल्ला, आदि के अलावा गुजरात से विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से भी समाजजन उपस्थित रहे। समारोह की जानकारी सुरेश भाई चौहान द्वारा दी गई।



## संपादकीय

# खड़गे के जहर वाले बयान पर भड़की बीजेपी, हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बताया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी और आरएसएस की तुलना पॉईजन यानी जहर से की और उन्हें भारत में राजनीतिक रूप से सबसे खतरनाक बताया। खड़गे के बयान पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। खड़गे ने महाराष्ट्र के सांगली में एक रैली में जहरीले सांप को मारने की उपमा का इस्तेमाल किया, जिसका बीजेपी ने गंभीरता से लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हिंदुओं के खिलाफ लोगों को भड़काने का आरोप बीजेपी प्रवक्ता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हिंदुओं के खिलाफ लोगों को भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे हिंदुओं के खिलाफ लोगों को उकसा रहे हैं। अगर कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र में सरकार में जा जाती है तो हिंदुओं की जान को खतरा पैदा हो सकता है।



आरएसएस के खिलाफ लोगों को भड़काना यह दर्शाता है कि कांग्रेस की सोच घोर हिंदू-विरोधी है। खड़गे ने यह कहा कि यह विधानसभा चुनाव है, न कि पीएम का चुनाव बीजेपी प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी हिंदुत्व के विचारधारा में विश्वास रखने वालों को निशाना बना सकती है, जिससे हिंसा भड़कने का खतरा है। उन्होंने इसे हिंसा का खुलेआम आह्वान बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। खड़गे ने अपनी चुनावी जनसभा में कहा था कि अगर भारत में राजनीतिक रूप से सबसे खतरनाक चीज है तो वह बीजेपी और आरएसएस हैं।

वे जहर की तरह हैं। अगर सांप काटता है तो वह व्यक्ति मर जाता है। ऐसे जहरीले सांप को मार देना चाहिए। खड़गे ने यह भी कहा कि यह विधानसभा चुनाव है, न कि पीएम का चुनाव, लेकिन पीएम मोदी लगातार चुनावी रैलियां कर रहे हैं, जो उनकी सत्ता की प्यास को दर्शाता है।

# तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए ख़तरनाक-तंबाकू निषेध कानून का सख़्त क्रियान्वयन समय की मांग

वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी बुराइयों या बुरी आदतें शौक या कार्यकलाप हैं,जिन्हें रोकने के लिए 195 से अधिक देशों की सदस्यता से बना संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस आदत,वस्तु को रोकने अनेक कार्यक्रम व जन जागरण दिवस मनाया जाता हैं।परंतु मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनियां के हर देश व हर राज्य द्वारा इससे संबंधित कानूनो में अब संशोधन करने का समय आ गया है।अब तंबाकू और उससे बनी वस्तुओं पर पूरी तरह से बैन औरउल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए। हालांकि भारत के अनेक राज्यों में तंबाकू व उससे बने पदार्थों पर बैन लगा हुआ है, परंतु उस पर सख़्ती की अत्यंत भारी कमी देखने को मिल रही है।इस संबंध में इस आर्टिकल को लिखने के पीछे मैं खुद एक हफ्ते से रिसर्च व ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहा थाजिसकी चर्चा हम नीचे के पैराग्राफ में करेंगे, तो मैंने पाया कि तंबाकू विक्रेताओं पर अति सुस्ती से कार्रवाई होती है, मार्केट में खुले आम तंबाकू बिकते दिखा अनेक गोदाम पैक रखे हुए, विक्रेता मलाई से लबालब शालीनता वाली जिंदगी मे मस्त दिखे। दूसरी और अभी कुछ दिन पहले हमारी राइस सिटी गोंदिया में संबंधित विभाग द्वारा स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू और उससे संबंधित पदार्थ बेचने पर अनेक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई।मेरा मानना है कि इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए यह कार्रवाई लगातार सप्ताह में दो बार शुरू रहनी चाहिए तो इस समस्या का जड़ से निदान हो सकता है।असल में होता यह है कि हफ़्ताखोरी के कारण जो रेड होता है,उसकी जानकारीसंबंधित ऑनर को उस डिपार्टमेंट के भेदियों से मिल जाती है और माल ठिकाने लग जाता है या सेटिंग से कम जप्ती दिखायी जाती है,केस ढीला कर दिया जाता है,आरोपी को शीघ्र जमानत मिल जाती है, फिर कारोबार का चक्र उसी तरह चलते रहता है, रिकॉर्ड में रेड दिखाई जाती है पर होता जाता कुछ नहीं, यह कहानी मेरा मानना है कि शायद हर जिला प्रशासन में हो सकती है। इस प्रकार के मदिरा व्यापार में मैंनें अभी तक कोर्ट से सजा नहीं देखी या सुनी है।आरोपी छूट जाता है मामला रफादफा हो जाता है और हम केवल और केवल जागरूकता दिवस, निषेध दिवस मनाते रह जाते हैं,जिसपर शायद शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करना जरूरी है। अभी समय आ गया है कि शासन प्रशासन को अति कानूनी सख़्ती भी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक तंबाकू निषेध कानून का सख्त क्रियान्वयन समय की मांग तंबाकू या धूम्रपान से दूरी हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मददगार साबित हो सकती है।

साथियों बात अगर मेरे द्वारा दिनांक 11 से 17 नवंबर 2024 तक जोकि विधानसभा चुनाव के बिल्कुल पीक़ दिवस हैं उसके बावजूद तंबाकू सेवनकर्ताओं से ग्राउंड रिपोर्टिंग बातचीत की करें तो,मैं सब्जी मंडी,मॉल सिनेमाघर पेट्रोल पंप किराना बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर दैनिकरूटिंन में जाकर देखा तो अनेकों के हाथ में झिल्ली में लपेटा हुआ या पाउच में डाला हुआ गुटका तंबाकू दिखा। मैंनें जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा हमें मालूम है कि पाउच के ऊपर लिखा रहता है तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है,परंतु फिर भी हम खा रहे हैं। हालांकि तंबाकू पर यहां बैन लगा हुआ है फिर भी खुले आम विक्रेताओं बीचसेवनकर्ता सेवन कर रहे हैं। जब मैं उनके दांतों के सड़न के बारे में बात की तो उन्होंने कहा तंबाकू से ही सब गए हैं। मैंनें कैंसर की बात की तो उन्होंने कहा आगे चलकर हमें कैंसर हो सकता है, फिर भी बेफिक्र होकर तंबाकू खाते दिखे तो मुझे लगा अब जनजागरण फैलाने के साथ-साथ अत्यंत सख्त कार्रवाई करना लाज़मी है और संबंधित विभाग को ऊपर से टारगेटेड कार्रवाई केस देने का दबाव बनाना जरूरी हो गया है परंतु या फिर निक्कमे अधिकारियों का निलंबन करना समय की मांग है, क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता कि तंबाकू सेवन या विक्रेता के केस ना हो, अधिकारी एक ढूंढेंगे तो हजारों केस मिल जाएंगे, इसका स्वतःसंज्ञान मंत्रालय स्तर से लेना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम तंबाकू खाने से भयंकर बीमारियां और सेहत को नुकसान की करें तो,हर कोई जानता है कि तंबाकू खाना उनकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन इसके बावजूद लोग इसके सेवन से कभी परहेज नहीं करते। परंतु अभी इसे रोकने के लिए उपलब्ध कानूनों का शक्ति से क्रियान्वयन करना जरूरी है ताकि भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल मेंगिरावट जारी रहे। इस साल,तंबाकूउद्योग के युवाओं को टारगेट कर बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिया जाना जरूरी है। सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म वगैरह के जरिए दुनियां भर में युवा तेजी से तंबाकू प्रोडक्ट्स के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं। यह उनके स्वास्थ्य और समाज के कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियां भर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि ज्यादातर देशों में 13 -15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीनप्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।13 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों पर बढ़ रहा खतरा युवाओं में धूम्रपान का प्रचलन बना हुआ है और कई देशों में यह बढ़ रहा है। 13 से 15 वर्ष की आयु के 38 मिलियन से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल कर रहे हैं। साल 2022 में,15 से 24 साल के बच्चों के बीच पॉपुलर टीवी और वेब शो में तंबाकू वाले विजुअल्स में 110 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अक्सर धूम्रपान को ग्लैमरस और कूल के रूप में दिखाते हैं।ट्रुथ इनिशिएटिव के अनुसार,स्क्रीन पर धूम्रपान की तस्वीरें देखने पर युवाओं में स्मोकिंग शुरू करने की संभावना तीन गुना तक बढ़ जाती है। साथियों बात अगर हम तंबाकू सेवन में विभिन्न प्रकार का कैंसर होने का प्रमुख कारण बनने की करेंतो,तम्बाकू विभिन्न प्रकार के कैंसरों के लिए प्रमुख कारण है, तथा अकेले धूम्रपान ही फेफड़े के कैंसर से होने वाली 90 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।तम्बाकू उपयोग कर्ताओं की संख्या घटकर 1.25 बिलियन रह जाने के बावजूद, तम्बाकू का उपयोग, विशेष रूप से 13 से 15 वर्ष के बच्चों में, एक बड़ी चुनौती प्रस्तुत करता है।युवाओं के प्रति तम्बाकू उद्योग की लक्षित रणनीति में ई-सिगरेट, धूम्ररहित तम्बाकू, स्नस, पाउच जैसे नए उत्पादों का विपणन करना तथा पारंपरिक विज्ञापन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है।युवाओं की सुरक्षा के विषय पर 31 मई को मनाए जाने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस से पहले युवा उपभोक्ताओं को लक्षित करने के लिए करों में वृद्धि,अधिकधूम्रपान मुक्त क्षेत्रों, तंबाकू उत्पादों की बिक्री और विपणन पर सख्त नियमों और डिजिटल प्लेटफार्मों के दोहन की वकालत की जा रही है।युवाओं में तम्बाकू का उपयोग चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है, जो उन्हें सीधे कैंसर के बढ़ते जोखिम के प्रति उजागर करता है।यह कैंसर से पीड़ित और इससे मरने वाले लोगों की संख्या को कम करने के प्रयासों को कमजोर करता है। अगली पीढ़ी को तम्बाकू उत्पादों और भ्रामक ऑनलाइन विज्ञापनों से बचाना और ग्राहक आधार कोनवीनीकृत करने के उद्देश्य से उद्योग की आक्रामक रणनीति का मुकाबला करना हमारा कर्तव्य है। युवाओं को आकर्षित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए नए उत्पादों-जैसेई-सिगरेट,विशेष रूप से स्वाद वाले उत्पाद धुआं रहित तंबाकू,स्नस और पाउच-के लिए विपणन रणनीतियों पर कड़े नियंत्रण की वकालत की है, जिनका सोशल मीडिया के माध्यम से आक्रामक रूप से प्रचार किया जाता है। तम्बाकू का उपयोग और उसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र, मुंह, ग्रासनली, गला, मूत्राशय, गुर्दे, यकृत, पेट, अग्न्याशय, बृहदान्त्र और गर्भाशय ग्रीवा के साथ-साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसा अनुमान है कि तम्बाकू के सेवन के कारण हर साल 1 करोड़ से अधिक लोग मारे जाते हैं।तम्बाकू न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पर्यावरण पर भी कई तरह से बुरा प्रभाव डालता है। साथियों बात अगर हम एक अध्ययन की करें तो सात राज्यों (असम,बिहार,गुजरात,कर्नाटक, मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र और उड़ीसा) तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किए गए अध्ययन से पता चला कि इन क्षेत्रों में गुटखा प्रतिबंध के लिए समर्थन बहुत अधिक (92पर्सेंट) है तथा इस बात पर लगभग सर्वव्यापी सहमति (99 पर्सेंट) है कि गुटखा प्रतिबंध भारत के युवाओं के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है अभी 8 नवंबर 2024 को कर्नाटक सरकार ने एक सर्कुलर जारी क़र कहा गया, कर्मचारियों के हेल्थ के फायदे के लिए, साथ ही जनता और अन्य सरकारी कर्मचारियों को धूम्रपान से बचाने के लिए, किसी भी सरकारी कर्मचारी द्वारा सार्वजनिक कार्यालय और उसके परिसर में तंबाकू उत्पादों का उपयोग और धूम्रपान पूरी तरह से बैन है। साथियों बात अगर हम तंबाकू सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की करें तो, धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डालता है?तम्बाकू का सेवन और धूम्रपान हमारे स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है, यह निम्नलिखित घातक बीमारियों का कारण हो सकता है पाचन तंत्रका कैंसर जैसे जीईआरडी अचलासिया कार्डिया (अग्न्याशय,पेट,मुंह यकृत मलाशय,बृहदान्त्र और ग्रासनली) न्यूरोवैस्कुलर जटिलताएं और तंत्रिका संबंधी विकार के साथ-साथ अन्य न्यूरो संबंधी रोग जैसे स्ट्रोक, मस्तिष्क की छोटी वाहिका इस्केमिक बीमारी (एसवीआईडी) और संवहनी मनोभ्रंश दिल की बीमारी फेफड़े की बीमारी मधुमेह क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) तपेदिककुछ नेत्र रोगतम्बाकू पर्यावरण को कैसे प्रभावित कर रहा है?

**विश्व भर में हर साल तम्बाकू उगाने के लिए लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि नष्ट कर दी जाती हैतम्बाकू की खेती से हर साल 2, लाख़ हेक्टेयर वनों की कटाई होती है और मिट्टी का क्षरण होता है। दुनियां भर में हर साल लगभग 4.5 लाख करोड़ सिगरेट बट का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाताहर साल 80 करोड़ किलोग्राम जहरीला कचरा पैदा होता है और हवा पानी और मिट्टी में हजारों रसायन छोड़े जाते हैंतम्बाकू की खेती के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग, ग्रह से पानी की कमी होती है।**

**संकलनकर्ता लेखक**

कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# कॉमेडियन यश राठी ने स्टेज से कहा कुछ ऐसा, प्रोफेसर ने बंद कर लिए कान



**दुर्ग/** फेसम स्टैंडअप कॉमेडियन यश राठ आईआईटी भिलाई के एनुअल फंक्शन में परफॉर्म करने पहुंचे. स्टेज से उन्होंने ऐसा स्पीच दिया कि उस पर अब जमकर बवाल हो रहा है. मालूम हो कि उन्होंने भगवान राम को लेकर भी अभद्र टिप्पणी की थी. अब भिलाई का उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक प्रोग्राम 9 नवंबर को आयोजित किया गया था. इसी कार्यक्रम में कॉमेडियन यश को भी इन्वाइट किया गया था. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अश्लील स्पीच दिया, जिसे लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है. स्टैंडअप कॉमेडियन यश राठी ने अपने कार्यक्रम में अश्लील शब्दों और गालियों का खुलेआम इस्तेमाल किया. इसे सुनकर वहां मौजूद कई स्टूडेंट, प्रोफेसर और छात्रों का परिवार काफी असहज हो गया. इतना ही नहीं एक प्रोफेसर ने तो अपने कान ही बंद कर लिए. कुछ लोग तो शो के बीच से ही उठकर जाने लगे. हालांकि आयोजकों ने यश को शो के बीच में ही रोक लिया, लेकिन अब इस पूरे प्रोग्राम पर काफी सवाल खड़े हो रहे हैं.जानकारी के मुताबिक आईआईटी भिलाई के काउंसिल ऑफ स्टूडेंट्स अफेयर ने कार्यक्रम मेराज के लिए कॉमेडियन यश राठी को शो के लिए गेस्ट के तौर पर बुलाया था. यथ ने अपने स्पीच की शुरुआत को अंग्रेजी में की, लेकिन जैसे ही हिंदी में वो बोलने लगे उनका मजाक अश्लीलता में बदल गया. उन्होंने काफी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. इसे सुनकर कार्यक्रम में मौजूद छात्रों के साथ प्रोफेसर और उसने परिवार ने भी इस पर काफी नाराजगी जाहिर की. अब उनके स्पीच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. मामले ने तूल पकड़ा को आईआईटी भिलाई भी अब हरकत में आ गई है. बताया जा रहा है कि आईआईटी प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच टीम का गठन कर दिया है. अब यह टीम आर्टिस्ट के चयन से लेकर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जांच करेगी. इतना ही नहीं दोषियों के खिलाफ अब कार्रवाई की तैयारी भी चल रही है. सवाल यह भी उठ रहा है कि आर्टिस्ट को बुलाने से पहले उनके कंटेंट की जांच क्यों नहीं की गई?

## एंबुलेंस को रास्ता नहीं देने पर कार ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई

**दिल्ली/** अक्सर आपने रास्ते में आते-जाते देखा होगा कि चाहे सड़क पर कितना भी ट्रैफिक क्यों न हो. अगर कोई एंबुलेंस उस रास्ते से गुजर रही होती है, तो चाहे सामने कोई कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों न हो. सबसे पहले एंबुलेंस को रास्ता दिया जाता है. क्योंकि चाहे कोई कितनी भी जल्दी में, किसी जरूरी काम के लिए क्यों न जा रहा हो लेकिन किसी की जिंदगी से ज्यादा जरूरी कुछ नहीं हो सकता. केरल में एक कार ड्राइवर ने एंबुलेंस को रास्ता नहीं दिया, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई और उस पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. मामला केरल से सामने आया है, जहां एंबुलेंस को रास्ता न देने वाले कार ड्राइवर को ढाई लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ा. मरीज को ले जा रही एंबुलेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सामने वाली कार का ड्राइवर सायरन बजने और हॉर्न बजने के बावजूद भी एक तरफ नहीं हटा. वीडियो वायरल होने के बाद केरल पुलिस ने कार्रवाई क दरअसल एंबुलेंस में एक मरीज था, जिसे जल्दी अस्पताल पहुंचना था. इसलिए एंबुलेंस ड्राइवर ने सायरन भी बजाया था. वहां मौजूद लगभग सभी गाड़ियों ने रास्ता दे दिया लेकिन सिर्फ इस ड्राइवर ने रास्ता नहीं दिया. इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और पुलिस ने इस मामले में तुरंत एक्शन लिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कार मालिक की खोज शुरू की. कार के मालिक का पता लगाने के बाद पुलिस सीधे उसके घर पहुंची और ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाकर पैसे बरामद किए. यही नहीं कार ड्राइवर का जुर्माना लगाने के साथ ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया. नितिन गडकरी ने कहा था कि सड़क सुरक्षा नियमों और कानूनों के तहत एम्बुलेंस को रास्ता देना जरूरी है और जो लोग एंबुलेंस को रास्ता नहीं देते हैं वो सजा के हकदार होते हैं.

# मणिपुर में उग्र भीड़ का तांडव, भाजपा मंत्री समेत चार विधायकों के जलाए घर

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। उग्र भीड़ ने दूसरे दिन चार विधायकों के घर फूंक दिए। इनमें भाजपा के एक मंत्री समेत तीन विधायक हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर भी धावा बोलने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। रविवार सुबह, इंफाल घाटी के सभी पांच जिलों में स्थिति तनावपूर्ण रही। इन जिलों में कर्फ्यू जारी है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। पुलिस ने तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक .32 पिस्तौल, आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जानें मणिपुर में फिर हिंसा क्यों भड़की है और क्या हुआ... णिपुर में राहत शिविर से लापता महिलाओं और बच्चों के शव मिलने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। भीड़ ने तीन मंत्रियों और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के दामाद समेत छह विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के अलावा दो चर्चों और तीन घरों को भी फूंक दिया था। बताया जाता है कि महिलाओं और बच्चों की उग्रवादियों ने हत्या की है। सोमवार को सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में 10 कुकी उग्रवादी मारे गए थे। उग्रवादियों के हमले के बाद से बुजुर्ग



महिला, उसकी दो बेटियां और तीन नाबालिग पोते-पोतियों का पता नहीं चल पा रहा था। अधिकारियों ने बताया, गुस्साई भीड़ ने रविवार को निंगथौखोंग में लोक निर्माण मंत्री गोविंददास कोंथौजम, लंगमेइदोंग बाजार में भाजपा विधायक वाई. राधेश्याम, थौबल जिले में भाजपा विधायक पोनम ब्रोजेन और इंफाल पूर्वी जिले में कांग्रेस विधायक टी. लोकेश्वर के घरों में आग लगा दी। इस दौरान भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। हमले के वक्त विधायक और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। इससे पहले शनिवार रात, प्रदर्शनकारी इंफाल पूर्व में बीरेन सिंह के पैतृक आवास की ओर भी बढ़े, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें 100-200 मीटर पहले ही रोक दिया। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां चलाईं। दिल्ली लौटे अमित शाह चुनावी रैलियां रद कर मणिपुर में हिंसा और तनाव के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में चुनावी रैलियों को रद कर दिल्ली वापस आ गए। शाह ने गृह मंत्रालय व सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मणिपुर के हालात की समीक्षा की और ताजा हिंसा को रोकने व तनाव करने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने मणिपुर के विभिन्न क्षेत्रों में अफस्पा (आ?र्मड फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट) लगाने के साथ ही सुरक्षाबलों के हिंसा रोकने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश जारी किया है। शाह सोमवार को भी मणिपुर को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने केंद्र सरकार की चिंता बढ़ा दी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमित शाह ने चुनावी रैलियां रद कर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का फैसला किया। गौरतलब है कि मणिपुर सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य के छह पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से आफस्पा उसे वापस लेने का अनुरोध किया है।

# 13 साल की अन्ना मैरी ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को किया फतह

**केरल/** केरल की एक 13 साल की लड़की ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह किया है। इसी के साथ वह सबसे कम उम्र की महिलाओं में से एक बन गईं हैं, जिन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम की है। 13 वर्षीय अन्ना मैरी केरल के अलापुझा जिले के चेरथला की निवासी हैं। अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह करने के साथ ही उन्होंने शिखर पर ताइक्कांडो पूमसे (पैटर्न) और किक्स का प्रदर्शन भी किया। जानकारी के अनुसार अन्ना मैरी अपने पिता के शाइन वर्गीस के साथ 28 अक्तूबर को चेरथला से रवाना हुई थीं। मैरी ने अपनी इस यात्रा को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा कि हमने 1 नवंबर को माउंट किलिमंजारो पर चढ़ना शुरू किया। इसकी प्राकृतिक सुंदरता और क्रमिक चढ़ाई के कारण लेमोशो मार्ग को चुना, हालांकि इसमें अभी भी कई चुनौतियाँ थीं। मैरी ने आगे बताया कि हमने 18,885 फीट ऊंचे पर्वत को फतह करने के लिए सात दिनों में 68 किमी की यात्रा की। इस यात्रा में वर्षावन, दलदली भूमि, अल्पाइन रेगिस्तान और शिखर के विस्मयकारी दृश्यों सहित लुभावने परिदृश्य शामिल थे। मैरी ने आगे बताया कि 7 नवंबर को, मैंने शिखर पर विजय प्राप्त की। अन्ना मैरी ने आगे बताया कि सबसे ज्यादा रोमांचकारी क्षणों में से एक बारांको दीवार पर चढ़ना था, जो एक प्राकृतिक चट्टान है। जिसने मेरे चढ़ाई कौशल का परीक्षण किया। मैरी ने कहा, ÷कृत्रिम दीवार पर चढ़ने की पृष्ठभूमि के साथ, मैंने चुनौती को स्वीकार किया और सफलतापूर्वक खड़ी चढ़ाई को पार किया। किलिमंजारो में आश्चर्यजनक सूर्योदय और अफ्रीकी परिदृश्य के मनोरम दृश्य भी देखे। गौरतलब है कि अन्ना मैरी ने इसी साल जुलाई के महीने में हिमालय में फ्रेंडशिप माउंट पर विजय प्राप्त की थी। मैरी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, ÷तभी मैंने किलिमंजारो के बारे में सुना। इसने मुझे मोहित कर लिया। अब मेरा लक्ष्य सात शिखरों (सात महाद्वीपों में से प्रत्येक में सबसे ऊंचे) पर विजय प्राप्त करना है। किलिमंजारो पर चढ़ाई कर रहे थे





दो भारतीय मैरी ने बताया कि किलिमंजारो की चढ़ाई करने के दौरान अमेरिका, जर्मनी, डेनमार्क, फ्रांस, स्विट्जरलैंड और चीन जैसे विभिन्न देशों के कई समूह थे। लेकिन यहां पर केवल दो भारतीय थे। मैरी के पिता शाइन वर्गीस ने बताया कि इस बहादुरी के लिए मैरी को स्थानीय गाइडों ने सिम्बा नाम दिया है। मैरी लोगों से ÷ड्रग्स के नहीं, खेलों के आदी होने÷ का आग्रह करती आई हैं। वे हमेशा शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ जीवन शैली की शक्ति पर जोर देती हैं। मैरी के पिता वर्गीस और मैरी की मां प्रीति मारिया थॉमस दोनों ही आईटी पेशेवर हैं। वहीं, मैरी चेरथला के सेंट मैरी हाई स्कूल में कक्षा 8वीं पढ़ाई करती हैं।

# बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें



बदलते मौसम में सेहतमंद रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर, बच्चों के लिए तो यह और भी कठिन है। चूंकि, बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होती है। इस वजह से बीमार होने का खतरा अधिक रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो बदलते मौसम में सेहतमंद रहने के लिए डाइट में विटामिन सी और डी रिच फूड्स को जरूर शामिल करें। इन चीजों के सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। अगर आप भी अपने बच्चे की इम्युनिटी बूस्ट करना चाहते हैं, तो खाने में ये 5 चीजें जरूर दें।

### पालक

पालक में विटामिन सी, के, फोलेट, बीटा कैरोटीन आदि आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव में फायदेमंद साबित होते हैं। इसके सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसके लिए बच्चों को खाने में पालक की सब्जी जरूर दें।

### ब्रोकली

आप बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए ब्रोकली दे सकते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो ब्रोकली में आयरन, जिंक, सेलेनियम, प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन-ए, सी समेत पोलीफेनोल और क्रेसेटिन के गुण पाए जाते हैं।

### बादाम

बादाम खाने से दिमाग तेज होता है। साथ ही स्मरण शक्ति भी मजबूत होती है। इसके अलावा, विटामिन-इ गुण से टी सेल की संख्या बढ़ती है। इसके लिए बच्चे को बादाम जरूर दें। इसमें मैग्नीशियम भी पाया जाता है, जो बच्चों में तनाव की समस्या को दूर करने में सहायक होता है।

### अदरक

अदरक में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मददगार साबित होते हैं। इसके लिए बच्चे को अदरक युक्त जेली और चॉकलेट दे सकते हैं।

### हल्दी

हेल्थ एक्सपर्ट्स इम्यून सिस्टम मजबूत करने के लिए हल्दी वाला दूध पीने की सलाह देते हैं। इसके लिए अपने बच्चे को हल्दी वाला दूध पीने के लिए दें। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और करक्यूमिन भरपूर होता है।

# जड़ से खत्म होगा जॉन्डिस, इन 3 जूस का करें सेवन

जॉन्डिस यानी पीलिया रोग संक्रमण की वजह से होती है। दरअसल, यह बीमारी दूषित पानी और खाना खाने से हो सकती है। अगर समय पर इस बीमारी का इलाज न किया जाए, तो मरीज के लिए खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती है। इस बीमारी में लिवर ठीक से काम करना बंद कर देता है और भूख भी कम हो जाती है, त्वचा का रंग भी पीला हो जाता है। अगर आप भी जॉन्डिस से ग्रसित हैं, तो डाइट में कुछ बदलाव कर इस बीमारी को कंट्रोल कर सकते हैं। आज आपको कुछ ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं, जो पीलिया के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद हैं।



### 1. मूली का जूस

जॉन्डिस के मरीजों के लिए मूली का जूस बहुत ही गुणकारी माना जाता है। इसमें मौजूद सोडियम, फॉस्फोरस, विटामिन-ए जैसे पोषक तत्व शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इससे जूस तैयार करने के लिए मूली की हरी पत्तियों को पानी में उबाल लें और फिर इसे छान लें। जब यह गुनगुना हो जाए, तो सेवन कर सकते हैं।

### 2. गन्ने का जूस

गन्ने का जूस पीलिया के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह लिवर को मजबूत करने में मददगार है। जिन लोगों को पीलिया की समस्या है, डाइट में गन्ने का जूस जरूर शामिल करें, जो तेजी से ठीक होने में मदद कर सकते हैं।

### 3. आंवले का जूस

आंवला में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। अगर आप जॉन्डिस से जूझ रहे हैं, तो आंवले का चूर्ण या जूस का सेवन कर सकते हैं।

# यदि आप किडनी के मरीज हैं तो छोड़ दें यह 6 चीजें, किडनी पर पड़ सकता है बुरा असर

आजकल के खानपान से किडनी जैसी बीमारियां आम बात हो गई है. क्योंकि आजकल फास्ट फूड का चलन ज्यादा हो गया है, जो लोग अधिक मात्रा में फास्ट फूड खाते हैं, उन्हें किडनी की बीमारी बहुत जल्द घेर लेती है. फास्ट फूड खाने वालों को अधिक मेहनत करनी चाहिए ताकि शरीर के अंदर मैदा जैसी चीजें जल्दी पच सके. रोजाना फास्टफूड का सेवन करेंगे तो बहुत जल्द आपकी किडनी खराब हो सकती है. इसलिए प्रयास करें कि घर का बना ताजा भोजन ही खाएं. इसके अलावा बाहर की चीजों से बचें. आज हम आपको उन 6 चीजों के बारे में बताएंगे जो किडनी मरीज के लिए सबसे घातक होती है. किडनी मरीज इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो आज ही उन्हें सतर्क होने की जरूरत है, ताकि आगे का जीवन उनका अच्छे से कट सके.

### हेल्दी खानपान का करें सेवन

किडनी मरीजों को हमेशा हेल्दी खाना खाना चाहिए. इससे उनका शरीर चुस्त-दुरुस्त बना रहता है और उनके अंदर कार्य करने की क्षमता बढ़ती है. ऐसा करने से उनकी किडनी भी स्वस्थ रहती है. किडनी मरीजों को खाना खाने के बाद तुरंत बिस्तर पर नहीं जाना चाहिए. इससे उनकी समस्या बढ़ सकती है. हम अपने खाने में जूस, स्प्राउट, ग्रीन सलाद आदि चीजें शामिल करेंगे तो यह हमारी किडनी को हमेशा स्वस्थ रखेगा.

### कुछ चीजें किडनी को करती है नुकसान


- यदि आप अधिक केले का सेवन करते हैं तो इसका असर सीधे आपकी किडनी पर पड़ता है. इसलिए केले का अधिक मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए.
- छिल्के वाली आलू से भी दूर रहना चाहिए क्योंकि आलू का छिल्का आपकी किडनी को नुकसान पहुंचाता है.
- नॉनवेज का सेवन भी कम मात्रा में करना चाहिए, क्योंकि नॉनवेज खाने से आपकी किडनी बहुत जल्दी फेल होती है. जो अधिक नॉनवेज खाते हैं. उनकी किडनी पर जल्दी बुरा असर देखने को मिलता है.
- किडनी मरीजों को टमाटर का छिलका उतार कर खाना चाहिए क्योंकि टमाटर का छिल्का और टमाटर के बीज दोनों ही किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं.
- प्रोटीन के चक्कर में अधिक मात्रा में दाल नहीं खानी चाहिए. दाल का सेवन डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक एक लिमिट में करना चाहिए.

# माइग्रेन की समस्या को दूर करने के लिए जरूर शामिल करें डाइट में ये चीजें

अत्यधिक तनाव लेने से उच्च रक्तचाप और माइग्रेन की समस्या होती है। माइग्रेन होने पर सिर में कभी हल्का, तो कभी तेज दर्द होता है। यह दर्द कभी कभार असहनीय हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सर्दी जुकाम, मानसिक तनाव, नसों में खिंचाव, थकान, कब्ज, नशा, खून की कमी आदि वजहों से माइग्रेन की समस्या होती है। अगर आप भी माइग्रेन के मरीज हैं और इस समस्या से निजात पाना चाहते हैं, तो डाइट में इन 5 चीजों को जरूर शामिल करें। आइए जानते हैं-

### डार्क चॉकलेट खाएं

माइग्रेन की समस्या दूर करने के लिए आप डार्क चॉकलेट का सेवन कर सकते हैं। इसमें मैग्नीशियम होता है, जो हार्मोनल असंतुलन की समस्या को दूर करने में मदद करता है। इसके सेवन से सूजन भी कम होता है। अगर आपकी नियमित अंतराल पर सिरदर्द की परेशानी होती है,



तो डार्क चॉकलेट का सेवन जरूर करें।

### केला खाएं

केले के सेवन से शरीर में तुरंत ऊर्जा का संचार होता है। इसमें पोटेशियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। पोटेशियम रिच फूड खाने से उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, मैग्निशियम रिच फूड खाने से ब्लड शुगर और माइग्रेन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसके लिए माइग्रेन की समस्या होने पर केले का सेवन कर सकते हैं। आप चाहे तो डाइट में केले को रोजाना शामिल कर सकते हैं।

### सी फूड्स खाएं

अगर आप माइग्रेन की समस्या को दूर करना चाहते हैं, तो सी फूड्स को डाइट में जरूर शामिल करें। इसके लिए टूना, साल्मन मछली समेत सीफूड का हफ्ते में दो बार जरूर सेवन करें। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटी इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो माइग्रेन में मददगार साबित होते हैं।

### बादाम खाएं

माइग्रेन की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना बादाम का सेवन करें। इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। साथ ही दिमाग तेज होता है। इसमें मैग्नीशियम पाया जाता है। इससे स्ट्रेस कम होता है। इसके लिए माइग्रेन के मरीज बादाम खाने की सलाह दी जाती है।

### आंवला जूस पिएं

आप माइग्रेन की समस्या को दूर करने के लिए आंवला जूस का भी सेवन कर सकते हैं। इसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो माइग्रेन में फायदेमंद होते हैं। इसके लिए माइग्रेन के मरीज आंवला या एलोवेरा जूस का सेवन जरूर सेवन करें।

# 'कंगुवा 2' की ट्रोलिंग पर सतर्क 'पुष्पा 2', फिल्म के साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी ने उठाया बड़ा कदम







साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म 'कंगुवा' को इसके तेज बैकग्राउंड म्यूजिक के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिसका असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर भी पड़ा। अब इस फिल्म की गलियों से 'पुष्पा 2 द रूल' के निर्माताओं ने बड़ी सीख ली है और अब वे अपनी फिल्म के म्यूजिक को लेकर बड़ा कदम उठा रहे हैं। दरअसल, ऑस्कर विजेता साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी ने हाल ही में 'कंगुवा' की आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसका सामना इसके लाउड बैकग्राउंड स्कोर के कारण हुआ। अब, जब 'पुष्पा 2' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है तो रेसुल ने एक बार फिर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जाकर सिनेमाघरों से अनुरोध किया कि वे रिलीज के लिए समय रहते स्पीकर व्यवस्थित कर लें। पुष्पा 2 के निर्माताओं ने आखिरकार 17 नवंबर को पटना में एक भव्य लॉन्च इवेंट में ट्रेलर का अनावरण किया और ट्रेलर के रिलीज होते ही इसे दर्शकों की दमदार प्रतिक्रिया मिली। 'पुष्पा 2' के लिए साउंड डिजाइनर के रूप में काम करने वाले रेसुल ने अपने एक्स हैंडल पर एक नोट लिखा है, जिसमें थिएटरों से अनुरोध किया गया है कि वे ट्यून एम्प्स और स्पीकर्स को व्यवस्थित करें, ताकि पुष्पा 2 का हश्र 'कंगुवा' जैसा न हो। उन्होंने ट्वीट किया, 'आज पुष्पा 2 का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही कई स्तरों पर यह काफी व्यस्त रहा है। मैं सभी फिल्म प्रेमियों और प्रशंसकों से कहना चाहता हूं कि पुष्पा 2 को मानक डॉल्बी लेवल 7 पर मिक्स किया जाएगा। मैं सभी थिएटरों से अनुरोध करता हूं कि वे समय रहते एम्प्स और स्पीकर्स को ट्यून कर लें।'गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रेसुल ने 'कंगुवा' की ट्रोलिंग पर भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने लिखा था, 'फिल्म की आलोचना इसके अत्यधिक वॉल्यूम, लाउड डायलॉग और म्यूजिक के लिए की जा रही है, जो पूरे अनुभव को खराब कर देता है, जिससे यह सिनेमाघरों में सबसे लाउड फिल्मों में से एक बन गई है।' पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा कि कैसे उनके एक दोस्त ने उन्हें दर्शकों की एक क्लिप भेजी, जिसमें वे साउंड की आलोचना कर रहे थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरे एक मित्र, जो री-रिकॉर्डिंग मिक्सर हैं, उन्होंने मुझे यह क्लिप भेजी है, हमारी लोकप्रिय फिल्मों में ध्वनि के बारे में इस तरह की समीक्षा देखना निराशाजनक है। हमारी कला और शिल्प ध्वनि युद्ध में फंस गए हैं किसे दोष देना है? साउंड मैन को? या फिर आखिरी समय में सभी असुरक्षाओं को शांत करने के लिए अनगिनत सुधार किए जाते हैं। अब समय आ गया है कि हमारे समुदाय को अपनी बात पर अड़ा रहना चाहिए और अपनी बात को जोर से और स्पष्ट रूप से कहना चाहिए। अगर दर्शकों को सिर दर्द की शिकायत है तो कोई भी फिल्म दोबारा देखने लायक नहीं रहेगी।'

# 'पुष्पा 2' का ट्रेलर हुआ रिलीज, क्यों पटना में हो रहा ट्रेलर रिलीज?

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' का धमाकेदार ट्रेलर 17 नवंबर को रिलीज हो चुका है. फिल्म का ट्रेलर लॉन्च अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मौजूदगी में बिहार की राजधानी में पटना में हुआ है. साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के लिए 17 नंबर का दिन खास है. पटना, बिहार में अल्लू अपनी फिल्म 'पुष्पा - द रूल' का ट्रेलर लॉन्च कर रहे हैं. बड़े बजट में बनी इस फिल्म से अल्लू को काफी उम्मीदें हैं. हों भी क्यों न, आखिर लोगों ने इस फिल्म को इतना प्यार जो दिया था. जानकारी के लिए बता दें कि को-स्टार रश्मिका मंदाना भी अल्लू अर्जुन के साथ पटना पहुंची हैं. पटना के गांधी मैदान में ट्रेलर कुछ ही मिनटों में रिलीज होने वाला है. समय है 6 बजकर 3 मिनट. आखिर यही टाइम और पटना शहर ही अल्लू ने अपनी फिल्म के ट्रेलर रिलीज के लिए क्यों चुना है. इसके पीछे एक बड़ी वजह सामने आई है.'पुष्पा 2' को बड़ी फिल्म बनाने के लिए जरूरी है कि मेकर्स उस भीड़ को भी जमकर थिएटर्स तक खींच सकें, जो हिंदी फिल्मों को बड़ा बनाने वाली मास ऑडियंस है. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में बहुत सारे छोटे शहर और कस्बे ऐसे हैं जहां लोग साल में आने वाली गिनी चुनी मास फिल्मों का इंतजार करते हैं. और 'पुष्पा 2' ऐसी ऑडियंस के लिए परफेक्ट फिल्म है.'पुष्पा' की देसी हिंदी ऑडियंस में पॉपुलैरिटी एक बड़ा फैक्टर है, जिसे मेकर्स 'पुष्पा 2' के लिए पूरी तरह इस्तेमाल करना चाहेंगे. 'पुष्पा 1 द राइज' ने बिहार और यूपी के सिंगल स्क्रीन्स में शानदार बिजनेस किया था. अगर आपको याद हो तो फिल्म के गाने 'श्रीवल्ली' का एक रीजनल सिंगर ने भोजपुरी वर्जन भी गाया था, जो रातोंरात जबरदस्त हिट हो गया था. हाल ही में




ऋऋ स्टार राम चरण ने भी अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' का टीजर लॉन्च इवेंट लखनऊ में किया था. मगर पटना जैसी ठेठ देसी हिंदी मार्किट में, साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'पुष्पा 2' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट, अल्लू अर्जुन की तरफ से ऑडियंस को सीधा मैसेज है- 'आपको एंटरटेनमेंट देने के लिए मैं बैठा हूं'.

# 'ये तो पूरी तरह', महिला विरोधी मौलाना से मिलीं स्वरा भास्कर तो लोगों का फूटा गुस्सा



स्वरा भास्कर अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं. वो हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं. एक्ट्रेस स्वरा भास्कर बीते काफी समय से फिल्मों से दूर हैं और वो इन दिनों अपने राजनेता पति फहाद अहमद के चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं. बीते दिन स्वरा ने अपने पति के साथ मौलाना सज्जाद नोमानी से मुलाकात की जिसके बाद से वो एक बार फिर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं.मौलाना संग स्वरा भास्कर और फहाद अहमद की मुलाकात की फोटो और वीडियो के सामने आने के बाद से फैंस काफी नाराज हैं. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्वरा भास्कर लाइट पिंक कलर का चिकनकारी सूट पहने दिख रही हैं. एक्ट्रेस ने मौलाना से मुलाकात के दौरान अपने सिर को चुन्नी से ढक रखा है और वो बिना मेकअप लुक में दिख रही हैं.

# सबका साथ, सबका विकास को लेकर कार्य करती है भाजपा: जिला निर्वाचन अधिकारी पटेल

## संगठन पर्व के तहत बूथ समिति की गई गठित

भविष्य दर्पण » दुर्गाशंकर टेलर



**आगर मालवा।** संगठन पर्व 2024 के तहत भारतीय जनता पार्टी आगर ग्रामीण मंडल के ग्राम शाक्ति केन्द्र तनोडिया के बूथ 7 बूथ के बूथ समिति चयन के शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला निर्वाचन अधिकारी जयदीप पटेल ने कहा कि संगठन पर्व का चुनाव प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बनाकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर तक स्थानीय समितियों के चुनाव समय सीमा के पहले ही संपन्न हो जाना चाहिए। जिसमें सर्व समाज एवं प्रत्येक बूथ पर तीन-तीन महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ शामिल किया जाए। ताकि महिलाओं की शक्ति आगे बढ़े और आगामी चुनाव में बूथ पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका हो। महिलाएं सर्व समाज की हो इसके लिए स्थानीय समितियां के गठन में उनको शामिल किया जाना अनिवार्य है। भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास और सब का संकल्प यह भाव को लेकर काम कर रही है। इस अवसर पर पार्टी के जिला महामंत्री व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ओम मालवीय, महेश मित्तल,अशोक प्रजापत,केंद्र प्रभारी निलेश पटेल ,महेश शर्मा,रहे और बूथ अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें बूथ समिति अध्यक्ष सहित 12 सदस्यीय कार्यकर्ताओं की समिति बनाई गई। इस दौरान भरत जायसवाल,डॉ राहुल जैन, कालुसिंह यादव, भुरुसिंह राठौर, गिरीश परमार, पंकज मित्तल,महिपाल सिंह राठौर, डॉ बाबु प्रजापत, गिरिश परमार, दीपक मंडवाल, अर्जुन पाटीदार, भवंरसिह राठौर, कालुसिंह राठौर, लखन चौधरी, जितेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब की तैराकी प्रतियोगिता संपन्न, 5 विजेता होंगे सम्मानित




**सोनकच्छ ( भविष्य दर्पण/तरुण शर्मा )** सोमवार को क्लब सचिव धर्मेन्द्र मनोरिया के नैत्रत्व में क्लब द्वारा आयोजित तैराकी प्रतियोगिता कालीसिंध नदी किनारे स्थित श्री पिलेश्वर घांट पर प्रकाश मंडोवरा के मुख्य आतिथ्य व समाजसेवी सत्यनारायण लाठी के विशेष आतिथ्य में व क्लब अध्यक्ष अमर सिंह मालवीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सिनियर व जुनियर वर्ग के लिए आयोजित प्रतियोगिता में नगर सहित क्षेत्र के तैराको ने भाग लिया। घांट के पुर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक के लिए आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक समिति सदस्य दिनेश कारपेंटर, कमल नागर मोहन सिंह बघेल सुरेश चंद्र यादव द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सिनियर वर्ग में प्रतिभागी दुर्गेश जाजू को प्रथम, जीतेंद्र प्रजापत (मुर्तीकार) को द्वितीय व प्रकाश मंडोवरा को तृतीय तथा जुनियर वर्ग में प्रणीका मुंदड़ा को प्रथम व सात्वीक यादव को द्वितीय विजेता घोषित किया। जिनका अतिथियों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी विजेताओं को आगामी समय में क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जावेगा। प्रतियोगिता के दौरान घांट पर तैराकी प्रेमियों के साथ क्लब सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी सतवास द्वारा शासकीय महाविद्यालय सतवास में एनएसएस

छात्रों को यातायात जागरूकता अभियान में जानकारी प्रदान की।



भविष्य दर्पण / घनश्याम भदौरिया

सतवास। थाना प्रभारी आशीष राजपूत के द्वारा महाविद्यालय के एन एस एस के छात्रों को यातायात जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस मौके पर सतवास थाना स्टाफ के प्रधान आरक्षक रवि राव आरक्षक राजेंद्र सिंह आरक्षक सूरज चौहान भी मौजूद रहे।

# पिड़ावा में आचार्य आजर्वसागरजी महाराज के ससंघ पिच्छी समारोह शामिल हुए पूर्व विधायक राणा

भविष्य दर्पण » दुर्गाशंकर टेलर



**सुसनेर।** रविवार को राजस्थान के समीपस्थ पिड़ावा नगर में आचार्य 108 श्री आजर्व सागर महाराज का ससंघ पिच्छी परिवर्तन समारोह आयोजित हुआ। आचार्य 108 श्री आजर्व सागर महाराज का पिड़ावा में विगत 24 जुलाई को ससंघ आगमन हुआ था जहां उन्होंने चातुर्मास भी पिड़ावा में ही किया। रविवार को आचार्यश्री के ससंघ पिच्छी कार्यक्रम में सुसनेर के पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह अपने समर्थकों एवं सुसनेर क्षेत्र के जैन समाजजनो के साथ समारोह में सम्मलित हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राणा एवं साथ मे गए लोगो ने आचार्यश्री का आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह के साथ स्थानीय श्री दिगम्बर जैन त्रिमूर्ति समिति अध्यक्ष महावीर जैन सालरिया, पार्षद जितेंद्र सांवला, शैलेन्द्र सिंघई सहित बड़ी संख्या में श्रावक मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने अन्य अतिथियों के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री सकल दिगम्बर समाज पिड़ावा की ओर से मंच से पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह का स्मृति चिन्ह भेंटकर दुशाला ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया।

# भागवत कथा एवं संत सिंगाजी की परचरी में पहुंचे कृषि मंत्री कंसाना सहित तीन विधायक

## मंत्री के प्रथम नगर आगमन पर लोगो ने जगह जगह किया स्वागत

भविष्य दर्पण /घनश्याम भदौरिया



**सतवास** - रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना सतवास क्षेत्र के दौरे पर रहे! सर्वप्रथम मंत्री कंसाना बामनी बुजुर्ग पहुंचे जहां उन्होंने भागवत कथा में पहुंचकर पंडित गोविंद जी नागर से आशीर्वाद लिया! मंत्री कंसाना के साथ क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा, कन्नौद खातेगांव विधायक आशीष शर्मा,मांधाता विधायक नारायण पटेल का नगर सतवास में खाद बीज व्यापारी एसोसियेशन वा गुर्जर समाज के लोगो द्वारा जगह-जगह पर आतिशबाजी और साफा बांधकर स्वागत किया गया! कृषि मंत्री कंसाना का चुनाव के बाद यह प्रथम आगमन था! कृषि मंत्री ने सतवास के गुर्जर समाज के देवनारायण मंदिर में निर्माण कार्य हेतु अपनी विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की और प्रतिवर्ष होने वाले आयोजनों में सम्मिलित होने का गुर्जर समाज द्वारा आवाहन करवाया गया एवं प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की तथा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाते कहा की खाद बीज की समस्या या अन्य कोई भी कृषि से संबंधित समस्या नहीं आने दूंगा वहीं मंत्री कंसाना ने विधायक आशीष शर्मा से भी प्रतिवर्ष इस राशि को बढ़ाने का संकल्प भी दिलवाया! विधायक आशीष शर्मा ने भी पूर्व में दी गई राशि को बढ़ा दिया और अपने उद्बोधन के दौरान गुर्जर समाज के इतिहास के बारे में मंच के माध्यम से चर्चा की! वही सनातन धर्म से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले बागली विधायक मुरली भंवरा ने दान कार्यो से होने वाले पुण्य लाभ एवं कर्म संबंधित बात कही और गुर्जर समाज का क्रांति में योगदान को विस्तार से समझाया! साथ ही बागली विधायक ने अपनी निधि से 11 का शुभ आकड़ा बताकर 11 लाख रुपए की राशि की घोषणा की! साथ ही मांधाता विधायक ने भी मंच से देवनारायण मंदिर सहयोग निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि घोषणा की इस अवसर पर गुर्जर समाज के हीरालाल पटेल,नेमावर गुर्जर समाज के अध्यक्ष नारायण सिंह गुर्जर,नंदकिशोर गुर्जर, डॉ मनोज यादव, बाबूलाल गुर्जर, रघुवीर सिंह पटेल,मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, जनपद अध्यक्ष रेवाराम सारण,राजेंद्र यादव,नारायण व्यास,राजेश मालवीय,गोपीकृष्ण व्यास,कमलेश जोशी,योगेश पटेल,सुरेश यादव, भगत गुर्जर, जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल,संतोष गुर्जर सरपंच,उमेश गुर्जर,संतोष मंडलोई, डॉ आर एन यादव,नरेंद्र गुर्जर,नरेंद्र पटेल,दिलीप पटेल, मुकेश वर्मा, राजा यादव सहित गुर्जर समाज वा अन्य पार्टी के पधाधिकारी लोग मौजूद रहे

# अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की अवैध तस्करी, क्रय विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर सेवन करने वालों के खिलाफ उज्जैन पुलिस की सख्त कार्यवाही।

## थाना तराना, थाना माकड़ौन व थाना इंगोरिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ ( गांजा) का परिवहन करने वाले तीन आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत् प्रकरण दर्ज़ कर किया गिरफ़्तार।

**उज्जैन( भविष दर्पण)।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ के परिवहन व सार्वजनिक स्थान पर सेवन करने वालों के विरूद्ध अभियान स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

**प्रथम कार्यवाही** - दिनांक 17.11.24 को थाना तराना पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तिलकेश्वर मंदिर तराना के सामने एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ( गांजा ) एक थैली में लेकर किसी को देने की फिराक में खड़ा है। मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से थाना प्रभारी तराना द्वारा टीम गठित कर रवाना की गई। मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर एक व्यक्ति हाथ में थैली लेकर खड़ा था, संदिग्ध की तलाशी लेने पर थैली में 800 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपी से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मोहम्मद उर्फ़ गब्बर निवासी तराना बताया। आरोपी से गांजा जप्त कर गिरफ़्तार किया गया व आरोपी के विरुद्ध अप क्र 556/24 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व से 03 अपराध पंजीबद्ध है।

**द्वितीय कार्यवाही** - दिनांक 17.11.24 को थाना इंगोरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर धार जिले के बदनावर तहसील के गाँव के एक व्यक्ति को अवैध रुप से अपने पास रखे मादक पदार्थ गांजा कुल 01 किलो 587 ग्राम के साथ धुरेरी यात्री प्रतिक्षालय से गिरफ़्तार किया गया। आरोपी राधेश्याम पिता संजय ग्राम गुलरीपाड़ा थाना बदनावर जिला धार से गांजा जप्त कर उसके विरुद्ध थाना इंगोरिया पर अप. क्र 393/24 दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**तृतीय कार्यवाही** - थाना माकड़ोन पर दिनांक 17.11.24 विश्वसनीय मुखबिर सूचना मिली कि तनोडिया रूपाखेड़ी रोड़ राधास्वामी सत्संग चिरडी के सामने माणकलाल पिता बापूलाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम परसौली थाना माकड़ोन एक प्लास्टिक के थैले में गांजा लिए बेचने के लिए खड़ा है, थाना प्रभारी माकड़ोन द्वारा टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर रवाना की गई जहां उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। टीम द्वारा माणकलाल पिता बापूलाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम परसौली थाना माकड़ोन को गिरफ़्तार कर आरोपी से कुल 750 ग्राम गांजा जब्त किया।आरोपी के विरूद्ध थाना माकड़ोन पर अप.क्र 441/24 दर्ज़ कर विवेचना में लिया गया।

**चौथी कार्यवाही** - दिनांक 17.11.24 को थाना महाकाल पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति भूखी माता रोड़ पर छोटी पुलिया के पास चिलम में गांजा भरकर पी रहा है , उक्त सूचना पर थाना महाकाल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचे जहां पर मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति द्वारा चिलम में गांजा भरकर सेवन किया जा रहा था, पुलिस द्वारा गांजे की तस्दीक कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना महाकाल पर अप.क्र 607/24 दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय भूमिका** - थाना प्रभारी तराना निरी प्रहलाद सिंह दलोदिया, थाना प्रभारी इंगोरिया निरी आंद्रेयास कटारा, थाना प्रभारी माकड़ोन उनि प्रदीप सिंह राजपूत, थाना प्रभारी महाकाल निरी नरेन्द्र सिंह परिहार, उनि शांतिलाल मौर्य (थाना खाचरोद),उनि हरिराम अंगोरिया,उनि जितेंद्र झाला,उनि मंसाराम चौधरी,सउनि दिनेश निनामा, प्र.आर वीरेंद्र द्विवेदी, प्र.आर रविंद्र सिंह चंदेल प्र. आर राहुल,प्र. आर शहजाद खां, प्र. आर संग्राम सिंह, प्र. आर राजपाल यादव, प्र आर विनोद व्यास,आर कृपाशंकर, आर कुंदन सिंह राठौर, आर संतोष पटेल, आर जितेंद्र सिंह,आर शैलेन्द्र, आर अरुण चौहान, आर रविंद्र मुकाती,आर लक्ष्यद्वीप,आर प्रकाश मेहता, आर दीपक अफिनिया,आर नितेश, आर आनंद,आर स्वरूप हिरवे, आर दिवाकर शर्मा, आर सतीश राठौर, आर गिरधारी कनेल, सैनिक सुभाष व राकेश की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने कहा कि यह कार्यवाही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। आगामी समय में भी इस प्रकार की कार्यवाहियों को किया जाएगा ताकि जिले को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से मुक्त किया जा सके। सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस तरह के अपराधों के प्रति सजग रहें और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें।

# 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित होगी संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

## 8 दिसम्बर को आयोजित होगी दंगल प्रतियोगिता

**भविष्य दर्पण/अनुराधा चावड़ा**

**उज्जैन-** कार्तिक मेला अंतर्गत आयोजित होने वाली स्वर्गीय श्री धन्नालाल चौधरी स्मृति संभाग स्तरिय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29, 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सोमवार को कुश्ती समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि दिनांक 29,30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को कार्तिक मेला स्थित कुश्ती एरिना में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होगी 29 नवंबर को कुश्ती का शुभारंभ एवं 1 दिसंबर को कुश्ती का समापन होगा, इसी के साथ दिनांक 8 दिसंबर को स्वर्गीय श्री राम भैया यादव की स्मृति में एक दिवसीय दंगल का आयोजन कार्तिक मेला स्थित कुश्ती एरिना में आयोजित होगा। बैठक में समिति सहसंयोजक श्री रवि राय, श्री विजय सिंह कुशवाहा, श्री छोटेलाल मंडलोई, समिति सचिव श्री मनोज मौर्य, श्री सुनील जैन, पार्षद प्रतिनिधि श्री बालकृष्ण पटेल, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के जॉइंट सेक्रेटरी श्री विजय सिंह चौधरी उपस्थित रहे।

# माकड़ौन मण्डल में युवा मण्डल अध्यक्ष के लिए आया श्री धनगर का चेहरा सामने



**उज्जैन( भविष्य दर्पण न्यूज नेटवर्क )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विगत कहि दिनों से सदस्यता अभियान चला जा रहा था जो कि अब शहर से लेकर ग्रामीणों बड़े ही स्तर पर भाजपा के कार्यकताओं ने दिन रात एक कर अपनी मेहनत और लगन से भाजपा के हजारों हजारो सदस्य बनाए अब कुछ ही दिनों में भाजपा जल्द अपनी पार्टी के चुनाव कर अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख तक के चुनाव जल्द होंगे जिसमे माकड़ौन के कर्मठ कार्यकर्ताओ से एक कार्यकर्ता जो भाजपा में पूर्व में भी कई पदों पर अपना कार्य व कार्यकर्ताओं के दिल पर राज कर चुके ऐसे प्रिय ईश्वर धनगर माकड़ौन से एक प्रबल चेहरा व युवा पीढ़ी के लिए एक अच्छा नेतृत्व मना जा रहा है । हम आप सब को बता दे कि ईश्वर धनगर पूर्व में ईश्वर धनगर ने संघ शिक्षा वर्ग 2007 में रतलाम में ली थी। आप पूर्व में जनपद सदस्य, युवा मोर्चा महामंत्री, पूर्व में विधायक प्रतिनिधि तथा सांसद अनिल फिरोजिया के प्रतिनिधि के रूप में भी सराहनीय कार्य किया आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संयोजक शंभू प्रसाद गिरी के बहुत ही करीबी माने जाते हैं । इनको मिले दायित्वों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते हुए उन्हें बखूबी निभाया इसके साथ ही कई सेवा कार्यों में भी इनकी सराहनीय व महती भूमिका रही है, तथा इनको भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं का समीप्य प्राप्त है । ऐसे में मंडल अध्यक्ष पद के लिए ईश्वर धनगर योग्य उम्मीदवार हो सकते हैं। जब हमारी इस विषय पर श्री धनगर से चर्चा हुई तो धनगर द्वारा बताया गया कि में विगत कई वर्षों से कई पदों पर रहकर जनता की सेवा कर रहा हु ओर आगे अगर पार्टी मुझ पर विश्वास जताती है तो बिल्कुल कार्यकताओं व पार्टी के हित मे कार्य कर पार्टी को ओर उच्चाई पे ले जाने का प्रयास करूंगा ओर में तो एक लक्ष्य पर चलने वाला व्यक्ति हु जो कि पार्टी के प्रति दिन रात में करुगा।

# महापौर द्वारा जोन क्रमांक तीन कार्यालय का औचक निरीक्षण

**भविष्य दर्पण/अनुराधा चावड़ा**



**उज्जैन/** सोमवार को नगर निगम के जोन क्रमांक 3 दूधतलाई स्थित कार्यालय का महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए झोन कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी तथा उसके निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आपने झोन में उपस्थिति रजिस्टर की जांच करते हुए बिना स्वीकृति के अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटे जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। आपने निर्देशित किया जाए कि झोन में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते जाए, नागरिकों के लिए बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था हो, शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रचार सम्बंधित फ्लेक्स बैनर इत्यादि लगवाए जाएं। आपके द्वारा सम्पत्तिकर अधिकारी को निर्देश दिए गए कि झोन से ज्यादा से ज्यादा संपत्ति कर की वसूली होना चाहिए साथ ही झोन कार्यालय के नीचे फूल मंडी में व्यापारियों द्वारा बचे हुए फूलों को जोन कार्यालय के बाहर ही फेंक दिया जाता है जिसके कारण गंदगी होती है आपने फुल व्यापारियों को भी समझाइए दी गई की बचे हुए फूलों को डस्टबिन मे ही डाले

## क्राईम ब्रांच को मिली बड़ी सफलता ।

# शहर की प्रसिद्ध होटल में बडे स्तर पर चल रहा था जुआ, इन्दौर, देवास, रतलाम एवं उज्जैन के 14 जुआडी पुलिस गिरफत में।



**उज्जैन(भविष दर्पण)।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन श्री प्रदीप शर्मा (भ.पु.से) व्दारा जिले में संपत्ती संबंधी अपराधो की रोकथाम एवं अपराधियों का पता लगाने के निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) महोदय श्री नितेश भार्गव, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) महोदय गुरूप्रसाद पराशर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक क्राईम योगेश तोमर के नेतृत्व में क्राईम टीम में नागझिरी क्षेत्र स्थित होटल हिमालया ग्रीन में दबिश देकर कुल 14 जुआडीयों पर कार्यवाही की है जिसमें भारीमात्रा में नगदी बरामद की गई है।

**आरोपियों के कब्जे से नगदी रुपये 7,53,000/-, 15 मोबाईल फोन, जुआ सामग्री सहित कुल 07 वाहन जप्त ।**

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही** - दिनांक 17.11.2024 को क्राईम ब्रान्च को सूचना प्राप्त हुई कि नागझिरी क्षेत्र में देवास रोड पर होटल खानाखजाना मक्खनवाला के ऊपर स्थित होटल हिमालया ग्रीन के रूम नम्बर 107 में उज्जैन, देवास, रतलाम एवं इन्दौर के जुआरी एकत्र होकर विगत कुछ दिनों से जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर विश्वसनीय होने से मुखबिर की सूचना से पुलिस आधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया जिनहोंने ठोस कार्वाही करने के निर्देश प्रदान किये। क्राईम की टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान देवास रोड पर होटल खानाखजाना मक्खनवाला के ऊपर स्थित होटल हिमालया ग्रीन के रूम नम्बर 107 पर दबिश दी गई। होटल तलाशी के दौरान उक्त स्थान पर इन्दौर, देवास, रतलाम एवं उज्जैन के 14 जुआरी जुआ खेलते पाये गये। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा मे नगदी कुल रुपये 7,53,000/-, 15 मोबाईल फोन, ताश-पत्ती जुआ सामग्री सहित 05 - चार पहिया वाहनों तथा 02 दो पहिया वाहन विधिवत जप्त किये गये हैं। कार्यवाही पर थाना नागझिरी में अपराध क्र 240/24 धारा सार्वजनिक द्युत अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपीयों का अपराधिक रिकार्ड प्राप्त किया जा रहा है।

# सहकारिता के बीच सहकार की भावना का सुदृढिकरण दिवस पर हुई संगोष्ठी

**उज्जैन(भविष दर्पण)।** 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अंतर्गत 18 नवम्बर को जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन द्वारा सेवा सहकारी संस्था मर्यादित, हरसोदन में सहकारिता के बीच सहकार की भावना का सुदृढिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको के क्षेत्रिय प्रबंधक दीपक पाल, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कृषक देवीलाल पाटीदार एवं विशेष अतिथि छगनलाल पाटीदार थे। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक ने कहा कि सहकारिता क्या है और सहकारी सप्ताह हम क्यों मनाते है. सहकारी सप्ताह के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सहकारिता आज हमारी नस नस में रचा बसा हुआ है। आज हमारा सहकारिता किसानो को 0 प्रतिशत ब्याज की सुविधा के साथ समय-समय पर खाद, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाये जाते है, इसी के साथ कृषको व ग्रामीणों के लिये सेवा सहकारी संस्थाएँ जीवन दायनी के रूप में कार्य करती है। आपने कहा कि सेवा



सहकारी संस्थाएँ ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणो व कृषको को कृषि ऋण के अलावा अन्य ऋण भी कम ब्याज दर पर उनकी आवश्यकता अनुसार दिये जाने चाहिये, जिससे कि रोजगार के अवसर प्रदान होंगे व संस्था की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। अतः संस्था को सुदृढिकरण करने हेतु किसानों द्वारा लिये गये ऋण समय सीमा में जमा करने से संस्था की मजबूती में अपना सहयोग प्रदान करने की अपिल की है। इफको के क्षेत्रिय प्रबंधक दीपक पाल ने जिला सहकारी संघ द्वारा मनाये जा रहे सहकारी सप्ताह के द्वारा जिले में जो सहकारिता की अलख जगाई जा रही है, वह सराहनीय है। आपने किसानो से कहा कि खाद उतनी ही मात्रा में उपयोग करे जिससे कि जमीन की पैदावार क्षमता बरकरार रह सके। कार्यक्रम में संस्था के प्रशासक एवं सहकारी निरीक्षक विभाग कमल कांगले, जिला संघ के शिवकुमार गेहलोत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक अनवर पटेल ने किया व आभार सुमेरसिंह सोलंकी ने आभार माना।

## अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में अहम निर्णय

**उज्जैन(भविष दर्पण)।** अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा की साधारण सभा एवं निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बैठक 17 नवंबर 2024 रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णु प्रसाद जी चौधरी एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह जी चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन वर्षीय निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान दिनांक 18 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसके प्रभारी राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन 14 दिसंबर 2024 शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संपन्न होगा। महासभा की साधारण सदस्यता के लिए सभी नवीन और पूर्व सदस्यों को ?1000 अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। महासभा के विधान एवं नियमावली के अनुसार निर्वाचन संपन्न होंगे, जिसके निर्वाचन अधिकारी श्री विष्णु प्रसाद चौधरी (दिग्ठान), श्री विक्रम सिंह चौधरी (देपालपुर) एवं श्री अनोखी लाल चौधरी (राजगढ़) होंगे।

# श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान का गठन

### रात्रि भोजन नहीं करवाने, अभक्षय एवं जमीकंद का सेवन नहीं करवाने की शपथ ली

**उज्जैन(भविष दर्पण)।** जैन धर्म के महान संत, सन्त शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के 53वें आचार्य पदारोहण दिवस पर जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांतों का पालन करते हुए, वितरागी देव शास्त्र गुरु के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के उद्देश्य से एक नवीन सोशल ग्रुप वर्धमान उज्जैन का गठन श्री विद्या कुम्भ चतुर्मास परिसर फ्रीगंज में सम्पूर्ण जैन समाज के बीच आर्यिका श्री 105 दुर्लभ मती माताजी ससंघ के पिच्छिका परिवर्तन सामारोह में किया गया। वर्धमान ग्रुप के द्वारा जानकारी में बताया गया कि जैन समाज के युवाओं को धर्म के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन, समाज के सेवा कार्यों में अग्रणीय रहते हुए ग्रुप की पार्टियों में रात्रि भोजन नहीं करवाने, अभक्षय एवं जमीकंद आदि का सेवन नहीं करवाने की शपथ ली गई। समाज के युवा दंपति साथियों को धार्मिक मनोरंजन यात्राएं करवाना, जैन समाज के बच्चों को संस्कारित करने और उन्हें नैतिक दायित्वों से जोड़े रखने के लिए समय समय पर धार्मिक शैक्षणिक शिविरों को आयोजित करना हमारा मुख्य उद्देश्य होगा। सभी दंपति साथियों ने शपथ पूर्वक नवीन श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान के बैनर का प्रेजेंटेशन किया और आर्यिका संघ को श्री फल भेंट कर अशीष प्राप्त किया। आर्यिका ने अपने उद्बोधन में सभी युवा साथियों को समाज के प्रति अपनी जागरूकता, जिम्मेदारी को निभाने वाले सदस्यों को मंगल अशीष प्रदान करते हुए कहा कि आज के वर्तमान युग में वर्धमान जैसे सोशल ग्रुप की अत्यन्त आवश्यकता हैं। नवीन ग्रुप के बैनर को श्री पार्श्‍वनाथ पंचायती मन्दिर फ्रीगंज के अध्यक्ष धर्मेंद सेठी, सचिव राहुल जैन वकील, चातुर्मास सेवा समिति के अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, मुख्य संयोजक प्रसन्न बिलाला, पुष्पा बज के साथ सभी नवीन सोशल ग्रुप वर्धमान के साथियों ने उपस्थित अपार समाज जनों के बीच उद्घाटित किया।

# मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने सोनू गेहलोत

**उज्जैन(भविष दर्पण)।** मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएफआई) की विशेष जनरल मीटिंग बिलासपुर में संपन्न हुई जिसमें आगामी समय के लिए अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू गेहलोत (सोमेश्वर) सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। यह मीटिंग एमएफआई के निवृतमान महासचिव धर्मवीर सिंह, छत्तीसगढ़ मल्लखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम शुक्ला और छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ अधिकारी डिविजनल कमांडेंट राजेश पांडे (आईपीएस) एमएफआई की लीगल एडवाइजर तथा भारत सरकार की वरिष्ठ अधिवक्ता गीतांजलि शर्मा की विशेष उपस्थिति एवं देखरेख में सम्पन्न हुई। मीटिंग में मल्लखंब को भारत सरकार की नीतियों के अनुसार आगे बढ़ाने सहित चिन्हित स्थानों पर मल्लखंब की अकादमी और सेंटर प्रारंभ करवाने का निर्णय लिया गया। वहीं मल्लखंब की अन्य प्रतियोगिताएं सहित मल्लखंब को ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप में सम्मिलित करवाने के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा टेक्निकल कमेटी, एथिक्स कमेटी, फाइनेंस कमेटी. अनुशासन कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी 4 वर्ष के लिए मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से निर्वाचन किया गया। इसमें उज्जैन के सोनू गेहलोत (सोमेश्वर) अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विनय तेंदुलकर पूर्व राज्यसभा सांसद (गोवा), संगीता चोकशी (गुजरात), प्रशांत मिश्रा (यूपी), जय चंद्रन (केरल), प्रवीण मिश्रा (बिहार), महासचिव डॉ. राज कुमार शर्मा (छत्तीसगढ़), कोषाध्यक्ष अजय झा (झारखंड), संयुक्त सचिव शशि बाला (दिल्ली), राजेंद्र कुमार (हिमाचल प्रदेश), रमेश ओली (उत्तराखंड), राजेंद्र शर्मा (चंडीगढ़), संजय कुमार (दिल्ली) बनाए गए। कार्यकारिण सदस्य के रूप में



अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पांच एथलेटिक द्रोणाचार्य पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त योगेश मालवीय, गणेश देवरुखकर, हिमानी परब, सागर ओवलेकर, सरिता पोयाम सम्मिलित किए गए।

# उज्जैन से पार्श्वनाथ मंदिर हासामपुरा पैदल संघ निकला

**उज्जैन (भविष दर्पण)**

श्री श्रैयांसनाथ राजेंद्र सूरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी मसा आदि ठाणा 3 की पावन निश्रा में चातुर्मास समाप्ति पर एक दिवसीय उज्जैन से हासामपुरा पैदल संघ निकाला गया। त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के प्रचार मंत्री राजेंद्र पगारिया एवं राजेंद्र पटवा ने बताया कि साध्वीश्री की निश्रा में आयोजित इस पैदल संघ में सभी ने उत्साहपूर्वक सुबह 6 बजे नयापुरा से पैदल चलकर अवंति पार्श्वनाथ हनुमंतबाग चिंतामण गणेश होते हुए लगभग 17 किलोमीटर दूर स्थित अलोकिक पार्श्वनाथ मंदिर हासामपुरा पहुंचा। यहां सभी ने सेवा पूजा भक्ति की। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और पूर्व मंत्री पारस जैन भी उपस्थित थे। साध्वीजी ने अपने प्रेरक प्रवचन में कहा कि यह मानव जीवन 84 लाख योनियों से भटकते हुए मिला है इसे सार्थक करते हुए धर्म आराधना एवं भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलकर अपने आने वाले भव को सुधारना चाहिये। धर्मसभा का संचालन राजेश पगारिया ने किया। इस विशाल पैदल संघ का संपूर्ण लाभ मांगीलाल विजयकुमार अशोक कपिल कांति सकलेचा परिवार ने लिया। लाभार्थी परिवार का बहुमान श्रीसंघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, प्रकाश गादिया, अतुल



चत्तर, चातुर्मास समिति अध्यक्ष विजय गादिया, राजमल चत्तर, अंशुल गिरिया, परिषद अध्यक्ष आशीष पिपाड़ा, आनंद चत्तर, महिला परिषद से सुशीला सकलेचा, लक्ष्मी आचलिया, बहु परिषद अध्यक्ष मंगला डागी, रेखा चत्तर, तरूण परिषद अध्यक्ष यश सकलेचा, ऋषभ चत्तर ने किया।




दैनिक भविष्य दर्पण
वर्गीकृत
05 दिन 1100/- साइज = 2X3
15 दिन 2100/- साइज = 2X3
01 माह 3000/- साइज = 2X3
विशेष - दैनिक भविष्य दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

दैनिक भविष्य दर्पण

| विज्ञप्ति सूचनाए | बधाई संदेश | शोक संदेश निशुल्क |
|---|---|---|
| न्यायालय विज्ञप्ति, जाहिर सूचना, व्यावसायिक सूचना, कृषि सूचना आदि के लिए संपर्क करें | 2 साल से कम उम्र के बच्चे का जन्मदिन विज्ञापन निशुल्क लगाया जाएगा | शोक संदेश बिल्कुल निशुल्क लगाया जाएगा। |
| मों. 9589177176 | मों. 9589177176 | मों. 9589177176 |

विशेष - दैनिक भविष्य दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक शुभम द्वारा विधायक नगर, पंवासा मक्सी रोड, उज्जैन ( म.प्र. ) पिन-456010 से प्रकाशित तथा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, सामने दारू गोदाम, आगर रोड उज्जैन ( म. प्र. ) से मुद्रित ।
संपादकः- शुभम मोबाइलः- 95891-77176
( सभी वाद विवादओ का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )।